दैनिक भास्कर
BhaskarHindi.com

Bhopal, MP – 19 FEB 2023

प्रदेश के 500 कॉलेजों में 30 लाख किताबें एक क्लिक पर होंगी उपलब्ध

DBStar BREAKING लॉन्च होगी ई-लाइब्रेरी, ट्रायल शुरू

भोपाल | DBStar

प्रदेश के एक दर्जन से ज्यादा विश्वविद्यालय और 500 से ज्यादा कॉलेजों में विद्यार्थियों को जल्द ही ई-लाइब्रेरी की सुविधा मिलेगी। उच्च शिक्षा विभाग ने इसके लिए न सिर्फ सॉफ्टवेयर तैयार करवाया है, बल्कि कई जिलों में इसका ट्रायल भी पूरा हो चुका है। इस सुविधा के शुरू होने से 30 लाख किताबें एक क्लिक पर उपलब्ध होंगी। विद्यार्थी ऑनलाइन किताबें अपलोड भी कर सकेंगे। इस सुविधा के शुरू होने से कॉलेज के छात्र-छात्राएं और शिक्षक वह पुस्तकें भी पढ़ सकेंगे, जो उनकी लाइब्रेरी में नहीं हैं। इसके लिए स्टूडेंट को लिंक और पासवर्ड दिए जाएंगे ताकि वे कहीं से भी इसका एक्सेस कर सकें। स्टेट लेवल की टीम उक्त प्रोजेक्ट पर काम कर रही है।

आईडी और पासवर्ड के सहारे कहीं भी पढ़ सकेंगे विद्यार्थी

उच्च शिक्षा विभाग के अफसरों के अनुसार सरकारी कॉलेजों में ई-लाइब्रेरी अगले 2-3 माह में शुरू हो जाएगी। इसका मकसद छात्र-छात्राओं को उनके सब्जेक्ट से जुड़ी अच्छे लेखकों की ई-बुक उपलब्ध कराना है। इन किताबों को छात्र आईडी-पासवर्ड के सहारे कहीं भी पढ़ सकेंगे। सरकारी कॉलेजों में ई-लाईब्रेरी शुरू होने से प्रदेश के करीब 10 लाख विद्यार्थियों को फायदा मिलेगा। इसके अलावा पुस्तकालयों में किताबों की चोरी, उनके देखरेख का झंझट खत्म हो जाएगा। इसके संचालन की जिम्मेदारी पुस्तकालय विकास समिति को दी जाएगी।